www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-235 सागवाड़ा, मंगलवार,3 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर सागवाड़ा में निकली शोभायात्रा



**सागवाड़ा।** सर्व समाज व ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती पर सागवाड़ा में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के समापन के बाद महाआरती हुई। श्याम भट्ट ने बताया की शोभायात्रा शाम गमरेश्वर महादेव मंदिर से गोल चौराहा होते हुए सदर बाजार , माड़वी चौक , पोल का कोठा, कलालवाड़ी, होकर वापस गमरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। इसके बाद भगवान परशुराम की महाआरती हुई।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर खड़गदा में निकली शोभायात्रा



**खड़गदा।** ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार दोपहर को लक्ष्मीनारायण मंदिर से गाजेबाजे के साथ भगवान परशुराम जी के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा एकलिंगजी महादेव होते हुए होली चोक से नवरात्रि चौक से होते हुए ग्वाल चौक पहुंची जहां से गांव का चक्कर लगाते हुए पुनः लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। यहां आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाये। इस अवसर पर कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री, यशवंत पंड्या, प्रभाशंकर भट्ट, शशिकांत पुरोहित, गौरीशंकर भट्ट, दिनेश पुरोहित, निरज जोशी, डा. विमलेश पंड्या, डा. रमेश भट्ट, डा विजय जोशी, अनिल पुरोहित निरज दीक्षित सहित विभिन्न ब्राह्मण समाजों के लोग मौजूद थे।

## पुनाली में मूर्ति स्थापना, गांवों में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, महाआरती

**डूंगरपुर।** ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर गांवों में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। पुनाली में मूर्ति स्थापना हुई तो वहीं कई गांवों में शोभायात्रा और महाआरती के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

भगवान परशुरामजी जयंती को लेकर आज मंगलवार सुबह से कार्यक्रम शुरू हो गए। पुनाली गांव में श्रीगौड ब्राह्मण समाज बारां चौंखला के अध्यक्ष विनोद जोशी समेत बड़ी संख्या में गांव के लोगो की मौजूदगी में भगवान परशुरामजी की मूर्ति स्थापना की गई। गांव में शोभायात्रा, महाआरती और महाप्रसाद के कार्यक्रम हुए। वस्सी, ओडवाड़िया, थाणा, नवालश्याम और बलेवड़ी समेत कई गांवों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम हुए। वस्सी में लक्ष्मीनारायण परशुरामजी चौंक पर सुबह से भगवान की पूजा अर्चना हुई। पंडित महेंद्र जोशी के सानिध्य में मोहनलाल पंड्या की ओर भगवान का अभिषेक किया गया। इसके बाद गांव में शोभायात्रा निकाली गई। भगवान परशुरामजी की मूर्ति पर माला पहनाकर ध्वजा फहराई गई। इसके बाद गांव के सभी लोगो ने मिलकर सामूहिक महाआरती उतारी।





## बड़ी औदीच्य दस गांव संस्थान के 24 बटुकों सामूहिक यज्ञोपवित



**सागवाड़ा।** सहस्त्र बड़ी औदीच्य दस गांव संस्थान टामटिया चौखला के सामूहिक जनेऊ एवं संस्थान के सागवाड़ा स्थित नोहरे की भूमि का भूमि पूजन कार्यक्रम हुवा। बड़ी औदीच्य समाज के 24 बटुकों का सामूहिक जनेउ आचार्य रमेश भट्ट व श आचार्य अशोक भट्ट ने विधि विधान पूर्वक करवाया वहीं मुख्य यजमान भूपेंद्र भट्ट घोटाद व जगदीश जोशी ने सपरिवार हवन में आहुतियां देकर भूमि पूजन किया। सामूहिक जनेऊ के पंडाल में जाकर पशुपतिनाथ थोलागढ़ के महंत प्रकाशनाथ महाराज ने बटुकों को आशीर्वाद दिया जिसके बाद उनके मुख्य आतिथ्य में सामाजिक सम्मेलन हुवा। अध्यक्षता दस गांव संस्थान के अध्यक्ष जगदीश जोशी ने की एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, उद्योगपति भूपेंद्र भट्ट घोटाद, गायत्री परिवार जिला संयोजक भूपेंद्र पंड्या, पाटीदार समाज प्रदेश अध्यक्ष डायालाल पाटीदार, शिक्षाविद हेमेंद्र उपाध्याय, नगर अध्यक्ष बंधु पाठक, एडवोकेट चंद्रशेखर शुक्ला, हेमंत दादा पाठक, ललित पंचाल, विप्र फाउंडेशन के प्रकाश व्यास, देवीलाल फलोत, पूर्व विधायक रमेश पंड्या, शिक्षा प्रचार समिति डूंगरपुर बांसवाड़ा अध्यक्ष जमना लाल भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दिनेश भट्ट, मनोहर जोशी बांसवाड़ा, गौतम लाल पंड्या, महिला अध्यक्ष पवित्रा जोशी व गायत्री उपाध्याय थे। कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पंड्या ने दस गांव संस्थान के 55 वर्षों के इतिहास का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन पवन पंड्या मोहित भट्ट व प्रदीप भट्ट ने किया एवं संस्थान के महामंत्री चिराग मेहता ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दस गांवों से जुड़े बड़ी संख्या में औदीच्य ब्राह्मण समाज के समाज जन मौजूद थे।

**इन भामाशाहों का हुवा समम्मान**– सामूहिक जनेउ कार्यक्रम के मुख्य भामाशाह भूपेंद्र भट्ट घोटाद थे। इसके अलावा सुभाष जोशी नागपुर, अशोक जोशी,अरविंद जोशी, प्रकाश मेहता, सुभाष भट्ट, नरेश भट्ट, विद्याशंकर पण्डया, भरत भट्ट व सुभाष भट्ट का अभिनंदन किया गया।

## चौरासी पुलिस ने चार माह से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** चौरासी पुलिस ने थाने का टॉप 10 एवं दुष्कर्म मामले में 4 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी भैमजी गरासिया ने बताया कि प्रोएक्टिव पुलिसिंग विशेष अभियान अंतर्गत वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर एसपी सुधीर जोशी, एएसपी अनिल मीणा एवं डिप्टी रामेश्वर लाल चौहान द्वारा विशेष अभियान चलाया है। जिसके अंतर्गत दुष्कर्म मामले में आरोपी थाना झालोद, गुजरात निवासी मिनेश पुत्र रसू भाई डामोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने को लेकर इधर-उधर छुप रहा था।

पुलिस की टीम ने अहमदाबाद जिला क्षेत्र के दोलेरा थाना क्षेत्र में आरपी को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार किया है । पुलिस को देख वह भागने लगा लेकिन 500 मीटर दूर पीछा कर उसे गिरफ्तार किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी भैमजी गरासिया, अनिल कुमार, गिरीश कुमार , साइबर सेल से अभिषेक का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री के ऐतिहासिक निर्णयों से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की तकदीर बदल रही है: अशोक चांदना

### मुख्यमंत्री के जन्म दिन पर तीन दिवसीय 'जननायक खेल उत्सव' की शुरूआत

**जयपुर।** खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि मुख्यमंत्री के खेल हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों की तकदीर बदल रही है। राजस्थान के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। चांदना मंगलवार को यहां एसएमएस स्टेडियम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्म दिन के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय 'जननायक खेल उत्सव' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के साथ प्रोत्साहित कर प्रदेश को खेलों में आगे बढ़ाने की है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण, 'आउट ऑफ टर्न' नियुक्तियां, पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी और नई अकादमियां खोलने के साथ ग्रामीण ओलंपिक खेल जैसी अनूठी पहल की है। इससे राज्य में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है और 'स्वस्थ समाज' के निर्माण के साथ प्रतिस्पर्द्धा बढ़ने से बेहतर खिलाड़ी मिलने लगे हैं। खिलाड़ियों को अपना भविष्य सुरक्षित महसूस हो रहा है जिससे वह खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित होकर शानदार परिणाम दे रहे हैं। अशोक चांदना ने मुख्यमंत्री का जन्म दिन खेल उत्सव के रूप में मनाने पर आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे समाज में खेलों को लेकर सकारात्मक संदेश प्रसारित होगा और खिलाड़ियों में आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा का संचार होगा।

## बैखौफ खनन माफिया - सागवाड़ा में अवैध खनन पर नहीं लग रही लगाम

## सेमलिया पंड्या और जेठाणा में क्वाट्ज पत्थर के ढ़ेर, गैस गोदाम के पास भी पहाड़ी खोद डाली



सेमलिया पंड्या में गड्ढा खोद कर निकाले जा रहे क्व ाट्ज पत्थर।



सेमलिया पंड्या में क्वाट्ज पत्थर के ढ़ेर



सागवाड़ा शहरी क्षेत्र में गैस गोदाम के पास खोदी गई पहाड़ी।

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा क्षेत्र में क्वाट्ज पत्थर का अवैध खनन पर लगाम नही लग रही है। सेमलिया पंड्या और जेठाणा में क्वाट्ज पत्थर के ढ़ेर पड़े है। खनन माफिया अब तो शहर की सीमा तक पहुंच गए है। सरोदा मार्ग पर गैस गोदाम के सामने की पहाड़ी खोद डाली है।सागवाड़ा में खनन माफिया के सामने प्रशासन और खनन विभाग नतमस्तक है। प्रशासन की माने तो कार्यवाही खनन विभाग ही करेगा और खनन विभाग समय पर मौके पर नही पहुंच पा रहा है। जगह जगह क्वाट्ज पत्थर के ढेर लगे है लेकिन न तो खनन विभाग इन्हें जब्त कर रहा है और नही जहां खनन हुआ है उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है। ऐसे में आशंका यह बनी हुई है कि खनन माफिया मौके से क्वाट्ज पत्थर हटा न ले। सोमवार को जेठाणा में तो मंगलवार को सेमलिया पंड्या में क्वाट्ज पत्थर के अवैध खनन की जानकारी खनन विभाग को दी गई लेकिन कार्यवाही नहीं हो सकी। क्षेत्र के पटवारियों ने प्रशासन को एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें यह बताया गया कि यहां प्रचुर मात्रा में क्वाट्ज पत्थर है जिसके खनन की संभावना बनी हुई है। इधर, खनन माफियाओं के दबाव इतना है कि पटवारी और सचिव कार्यवाही से डर रहे है। उनका कहना है कि संयुक्त कार्यवाही हो तो खनन पर रोक लगाई जा सकती है। जेठाणा और सेमलिया पंड्या में खातेदारी और बिलानाम भूमि पर क्वाट्ज पत्थर का अवैध खनन किया गया है। दोनों क्षेत्र के पटवारी मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना उच्चाधिकारियों और खनन विभाग को भी दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले खुदाई हुई है रात को खुदाई कर क्वाट्ज पत्थर निकाला जा रहा है, करीब 10 फीट गहरा गड्ढा कर उसमें से पत्थर निकाले जा रहे है। लेबर भी बाहर की है।